दिनांक 19–12–2018

स्वच्छ भारत अभियान   स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

'नगर निगम भिलाई द्वारा किया जा रहा है अलाव की व्यवस्था तापमान में गिरावट को लेकर की जा रही है व्यवस्था'

भिलाईनगर/नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त एस.के. सुंदरानी द्वारा ठंड से बचाव के लिए विभिन्न स्थानों पर जहां पर रात्रि कालीन भीड़ एकत्रित होती है वहां पर अलाव की व्यवस्था समस्त जोन क्षेत्रों के पारंपरिक स्थलों में किए जाने हेतु जोन आयुक्तों को निर्देशित किए हैं।

विगत दो–तीन दिनों से तापमान में आई कमी व बेमौसम बारिश के कारण ठंड बढ़ गई है प्रायः सुबह–सुबह एवं रात्रि कालीन तापमान में अत्यधिक गिरावट देखी जा रही है इसे देखते हुए आयुक्त सुंदरानी द्वारा सभी जोन क्षेत्रों के निर्धारित स्थानों पर अलाव जलाने की व्यवस्था करने हेतु निर्देशित किया है ताकि राहगीरों व मुसाफिरों को ठंड से राहत मिल सके अभी तक अंडा चौक ,रिक्शा स्टैंड, नेहरू नगर चौक, पावर हाउस चौक स्टेशन के समीप अलाव की व्यवस्था की गई है।

निगम आयुक्त ने कहा कि आवश्यकता को देखते हुए विभिन्न क्षेत्रों में इसी प्रकार की व्यवस्था की जाएगी।

जनसम्पर्क अधिकारी